# रोवर्स रेंजर्स क्या है ?

रोवर्स और रेंजर्स भारत स्काउट्स और गाइड्स की एक स्वैच्छिक, गैर-राजनीतिक, शैक्षिक शाखा है, जो कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए है, जिसमें रोवर लड़के होते हैं और रेंजर्स लड़कियाँ होती हैं।

इसका उद्देश्य युवाओं को सेवा करने वाला, जिम्मेदार नागरिक बनाना है। जिसमें व्यक्तिगत और सामाजिक विकास पर जोर दिया जाता है , साथ ही इसमें आपदा प्रबंधन, आपातकालीन स्थिति से निपटने, संकटकाल में सेना और नागरिकों को सहायता प्रदान करना, प्रकृति संरक्षण और राष्ट्रीय एकता जैसी गतिविधियों में भाग लेना शामिल है।

# सदस्यता

20 से 25 वर्ष के उम्र के छात्र-छात्राएं इसके सदस्य बन सकते हैं। रोवर क्रू का नेतृत्व रोवर लीडर (पुरुष व्याख्याता) और रेंजर टीम का नेतृत्व कॉलेज में पंजीकृत रेंजर लीडर (महिला व्याख्याता) के अधीन होता है। कोई भी नियमित छात्र (लड़का) रोवर क्रू में और छात्रा (लड़की) रेंजर टीम में शामिल हो सकता है।

# प्रतियोगिताएं

[राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालय रोवर/रेंजर प्रतियोगिता]

यह प्रतियोगिता तीन चरणों में सम्पन्न होता है-
(प्रत्येक समागम में कुल 17 प्रतियोगिता)

प्रथम चरण - जिलास्तरीय समागम ( जिले के विभिन्न महाविद्यालय )
द्वितीय चरण - विश्वविद्यालय स्तरीय समागम ( जिला स्तर के विजेता महाविद्यालय )
तृतीय चरण - राज्य स्तरीय समागम ( विश्वविद्यालय स्तर के विजेता विश्वविद्यालय )

# प्रतियोगिताओं का विवरण निम्न हैं -

- वर्दी प्रतियोगिता
- मार्च पास्ट
- निबंध
- चित्रकारी
- भाषण
- स्किल ओरामा
- पायनरिंग
- कैम्पिंग
- ध्वज शिष्टाचार
- लोकगीत
- लोकनृत्य
- नाटक
- सेण्ड स्टोरी
- आब्जर्वेशन
- प्राथमिक उपचार
- झांकी
- टीम इन काउन्सिल
- व्यक्तित्व प्रदर्शन
- इत्यादि अनेक प्रतियोगिताएं

## पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं बैज



### एक रोवर/रेंजर की उन्नति हेतु योजनाः

15 वर्ष के एक लड़के/लड़की को एक रोवर/रेंजर एस्पिरेंट के रूप में प्रवेश दिया जा सकता है।

- **प्रवेशः** एक रोवर/रेंजर एस्पिरेंट को प्रवेश रोवर/रेंजर की दीक्षा प्राप्त करने से पहले 3 माह तक कार्य करना होगा।
- **निपुण बैजः** एक प्रवेश रोवर/रेंजर को निपुण बैज एवं प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु कम से कम 6 माह कार्य करना होगा।
- **राज्य पुरस्कार बैजः** एक निपुण रोवर/रेंजर को राज्य स्तरीय प्रमाण पत्र एवं बैज जिसे राज्य पुरस्कार रोवर/रेंजर कहते हैं, को प्राप्त करने हेतु कम से कम 9 माह कार्य करना होगा।
- **राष्ट्रपति पुरस्कारः** एक राज्य पुरस्कार रोवर/रेंजर को राष्ट्र स्तरीय प्रमाण पत्र एवं बैज जिसे "राष्ट्रपति रोवर/रेंजर" कहते हैं, को प्राप्त करने हेतु कम से कम 1 वर्ष कार्य करना होगा।
- राष्ट्रपति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पश्चात एक रोवर/रेंजर एक नियमित छात्र के रूप में 25 वर्ष की आयु तक विभिन्न दक्षता पदकों पर कार्य कर सकता है।
- वह अपनी इकाई के साथ उप–राष्ट्रपति पुरस्कार प्रतियोगिता (सतत विकास लक्ष्यों पर आधारित पाठ्यक्रम) में भी भाग ले सकता हैं।



# गतिविधियां

1. प्रवेश
2. निपुण
3. राज्यपाल पुरस्कार
4. राष्ट्रपति पुरस्कार

# अन्य गतिविधियां

1. नेशनल जम्बूरींग
2. ट्रैकिंग ( उत्तराखंड)
3. रेलवे कार्निवाल
4. समागम
5. इत्यादि

## रोवर्स रेंजर्स के लाभ -

1. प्रतियोगी परीक्षाओं (जैसे - भारतीय रेलवे, इत्यादि) में भारांक (Weightage) का लाभ।
2. समागम प्रमाण पत्र पर अधिकतम 10 अंक
3. राज्यपाल पुरस्कार प्रमाण पत्र पर अधिकतम 20 अंक
4. राष्ट्रपति पुरस्कार प्रमाण पत्र पर अधिकतम 30 अंक
5. व्यक्तित्व का विकास
6. प्रतिभा एवं कौशल विकास
7. रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षक ( trainer ) बनने का अवसर
8. इत्यादि अन्य अवसर

# विगत कुछ वर्षों की उपलब्धियां

## राज्यस्तरीय  समागम









# जिलास्तरीय समागम








# ट्रैकिंग शितलाखेत उत्तराखंड









# विश्वविद्यालय स्तरीय समागम









https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSfkwBeA5jHcUccyZRaDhCbdsBGbxiIEDnkTosuUnG4YnFwMog/viewform?usp=header

रोवर्स- रेंजर्स प्रवेश प्रशिक्षण शिविर 2025-26 का आयोजन अगले माह में  प्रस्तावित है इसमें प्रतिभाग करने वाले इच्छुक छात्र एवं छात्राओं को 13-10-2025 से पहले ऊपर 👆दिए गूगल फॉर्म को भर दे |